**By Speed post**

छत्तीसगढ़ शासन
खनिज साधन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नया रायपुर–492002

क्रमांक एफ 3–24/2013/12 रायपुर, दिनांक 9 जनवरी, 2017

प्रेषक :–

संजय कनकने,
अवर सचिव

प्रति,

सचिव,
भारत सरकार,
कोयला मंत्रालय,
शास्त्री भवन, नई दिल्ली

विषय :– जिला सरगुजा, तहसील उदयपुर स्थित कोल ब्लॉक ''केंटे एक्सटेंशन'' रकबा 1762.839 हेक्टर(पूर्व में 1759.040 हेक्टर) पर खनिज कोयला की पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति स्वीकृति हेतु खान एवं खनिज(विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957(यथासंशोधित) की धारा–5(1) के तहत पूर्वानुमोदन प्रदान करने बाबत्–मेसर्स राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड।

—00—

महोदय,

उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में विभागीय समसंख्यक पत्र दिनांक 20.04.2016 एवं आपके पत्र दिनांक 02.08.2016 का अवलोकन करने का कष्ट करें। मेसर्स राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन लिमिटेड को जिला व वनमंडल सरगुजा स्थित केप्टिव कोल ब्लॉक **''केंटे एक्सटेन्शन''** भारत सरकार, कोयला मंत्रालय द्वारा प्रतिस्पर्धी बोली द्वारा नीलामी के माध्यम से Auction by Competitive Bidding of Coal Mines Rules, 2012 के अन्तर्गत जारी आबंटन आदेश क्रमांक 13016/26/2004-CA-I/CA-III(Pt.)(Vol-II) दिनांक 31 मार्च 2015 द्वारा आबंटित किया गया है। आबंटन आदेश अनुसार इस ब्लॉक से उत्पादित कोयले का उपयोग आबंटिती कंपनी द्वारा निम्नानुसार यूनिट में किया जायेगाः–

| Name of Coal Block & Location | Estimated Geological Coal Resource of the Coal Block (Million Tonnes) | Allotee Company | End Use Plant Project considered vis a vis allocated reserves of Coal Block |
|---|---|---|---|
| Kente Extn. Chhattisgarh | 200 | Rajasthan Vidyut Utpadan Nigam (RVUNL) | -Suratgarh super critical TPP Unit 7 & 8 (2x660 MW)- (50%) 100 MT<br>-Chhabra super critical TPP Unit 5 & 6 (2x660 MW)- (50%)100 MT |

2/ उपर्युक्त कोल ब्लॉक आवंटन आदेश के परिप्रेक्ष्य में खनिज अधिनियम/नियम अंतर्गत मेसर्स राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा उक्त क्षेत्र पर दिनांक 19.08.2015 को रकबा 1759.040 हेक्टर(17.6 वर्ग कि0मी0) क्षेत्र पर खनिज कोयला के 03 वर्ष

.................2

की अवधि के लिये पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन प्रस्तुत किया गया है, उक्त के परिप्रेक्ष्य में विभागीय पत्र दिनांक 20.04.2016 द्वारा पूर्वानुमोदन प्रदान किए जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया।

3/ उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में आपके पत्र दिनांक 23.08.2016 द्वारा सूचित किया गया है कि प्रश्नाधीन कोल ब्लॉक ''केंटे एक्सटेंशन'' के WGS84 System अनुसार ब्लॉक बाउण्ड्री के कोआर्डिनेट्स व मानचित्र संशोधित किया जाकर आवंटिती मेसर्स राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के साथ First Amendment Agreement to the CBDPA(कोल ब्लॉक डेव्हलपमेंट एण्ड प्रोडक्शन एग्रीमेंट) दिनांक 10.08.2016 को हस्ताक्षरित किया गया है उक्त के परिप्रेक्ष्य में संशोधित पूर्वानुमोदन प्रस्ताव भेजे जाने हेतु लेख किया गया है।

4/ उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य मे संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, रायपुर के पत्र दिनांक 24.12.2016 एवं कलेक्टर सरगुजा के पत्र दिनांक 29.10.2016 अनुसार कोल ब्लॉक ''केंटे एक्सटेंशन'' के संशोधित क्षेत्र के को–आर्डिनेट्स एवं क्षेत्र का विवरण निम्नानुसार है :–

1. आवेदित कोल ब्लॉक के संशोधित को–आर्डिनेट्स–

| S.No | Point | WGS84 Co-Ordinets | | Co-Ordinets (in old Toposheet) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Longitude | Latitude | Longitude | Latitude |
| 1 | 2 | 82° 49' 21.991"E | 22° 47' 39.797" N | 82° 49' 29.03"E | 22° 47'37.5"N |
| 2 | 3 | 82° 50' 43.269"E | 22° 49' 58.536" N | 82° 50' 50.32"E | 22° 49' 56.25"N |
| 3 | 5 | 82° 51' 41.443" E | 22° 47' 0.802" N | 82° 51' 48.5"E | 22° 46' 58.5"N |
| 4 | 6 | 82° 52' 48.833"E | 22° 48' 38.594" N | 82° 52' 55.9"E | 22° 48' 36.3"N |

2. संशोधित निजी एवं शासकीय भूमि का विवरण–

| क्र0 | ग्राम का नाम | तहसील | निजी भूमि (हेक्टर में) | राजस्व भूमि (हेक्टर में) | छोटे–बड़े झाड़ के जंगल | कुल रकबा (हेक्टर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केते | उदयपुर | 2.966 | 1.246 | – | 4.212 |
| 2 | बासेन | उदयपुर | 0.809 | 0.250 | – | 1.059 |
| 3 | चकेरी | उदयपुर | 0.458 | 0.619 | – | 1.077 |
| 4 | परोगिया | उदयपुर | – | 10.608 | – | 10.608 |
| | | योग | **4.233** | **12.723** | – | **16.956** |

3. संशोधित वन भूमि का विवरण–

| क0 | वनमंडल/वनरेंज/ब्लॉक नाम | कम्पार्टमेंट नंबर | कुल एरिया (हेक्टर में) | आवेदित रकबा (हेक्टर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सरगुजा/उदयपुर/मतिरंगा | पी–2003 | 97.200 | 8.50 |
| 2 | | पी–2104 | 305.325 | 268.883 |
| 3 | | पी–2105 | 210.375 | 206.30 |
| 4 | | पी–2106 | 188.950 | 127.30 |
| 5 | | पी–2107 | 175.850 | 172.30 |
| 6 | | पी–2108 | 154.350 | 87.70 |
| 7 | | पी–2109 | 203.946 | 114.60 |
| 8 | | पी–2110 | 165.916 | 35.20 |
| 9 | | पी–2111 | 108.225 | 5.30 |
| 10 | | पी–2124 | 205.650 | 63.00 |

.................3

| क0 | वनमंडल/वनरेंज/ब्लॉक नाम | कम्पार्टमेंट नंबर | कुल एरिया (हेक्टर में) | आवेदित रकबा (हेक्टर में) |
|---|---|---|---|---|
| 11 | सरगुजा/उदयपुर/मतिरंगा | पी–2125 | 270.000 | 81.00 |
| 12 | | पी–2126 | 345.600 | 345.60 |
| 13 | | पी–2127 | 285.750 | 164.20 |
| 14 | | पी–2128 | 260.450 | 3.30 |
| 15 | | पी–2130 | 235.350 | 6.90 |
| 16 | | पी–2099 | 418.547 | 51.70 |
| 17 | | पी–2069 | 50.900 | 4.10 |
| | | योग | **3631.484** | **1745.883** |
| **निजी एवं शासकीय भूमि–16.956 हेक्टर + वन भूमि–1745.883 हेक्टर = 1762.839 हेक्टर** | | | | |

5/ भारत सरकार, कोयला मंत्रालय के कोल ब्लॉक आबंटन आदेश की कंडिका–7 अनुसार संस्थान द्वारा दिनांक 23.11.2015 को भारत सरकार, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली को प्रस्तुत बैंक गारंटी की प्रति प्रस्तुत किया गया है। जिसकी वैधता दिनांक 22.05.2017 तक है।

6/ कोल ब्लॉक आवंटित किये जाने के पश्चात आवंटिती कंपनी द्वारा इसे निश्चित समय सीमा में विकसित किये जाने तथा वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त करने की प्रकिया में लगने वाले समय की संभावना को देखते हुए प्रकरण में एम0एम0डी0आर0 एक्ट, 1957(यथासंशोधित) की धारा–5(1) के तहत पूर्वानुमोदन प्रस्ताव प्रेषित किए जाने वाले प्रस्ताव के समानान्तर रूप से वन विभाग की अनुमति हेतु कार्यवाही किया जाना है।

7/ खनिज कोयला एम0एम0डी0आर0 एक्ट,(यथा संशोधित) 1957 की प्रथम अनुसूची के पार्ट–A में सूचीबद्ध है। अतः पैरा–7 के संबंध में एम0एम0डी0आर0 एक्ट(यथासंशोधित) 1957 की धारा–5(1) के तहत भारत सरकार, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली से अनुमोदन प्राप्त किया जाना आवश्यक है।

उपर्युक्त स्थितियों के परिप्रेक्ष्य में मेसर्स राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को जिला एवं वनमंडल सरगुजा, तहसील उदयपुर स्थित कोल ब्लॉक "केटे एक्सटेंशन" के कुल रकबा 1762.839 हेक्टर क्षेत्र पर खनिज कोयला का पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति 03 वर्ष की अवधि के लिये स्वीकृति हेतु एम0एम0डी0आर0 एक्ट, 1957(यथासंशोधित) की धारा–5(1) के तहत पूर्वानुमोदन प्रदान किए जाने का अनुरोध है।

संलग्न– नक्शा एवं लैण्ड डिटैल्स

(संजय कनकने)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
खनिज साधन विभाग

....................4

पृ0 क्रमांक एफ 3–24/2013/12 रायपुर, दिनांक जनवरी, 2017

19 JAN 2017

प्रतिलिपि :–

1. संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म, द्वितीय तल, इन्द्रावती भ्वन, नया रायपुर
2. अतिरिक्त मुख्य वन संरक्षक(भू–प्रबंध), कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़, अरण्य भवन मेडिकल कालेज रोड़ रायपुर, छत्तीसगढ़।
3. कलेक्टर, जिला सरगुजा(छत्तीसगढ़)
4. वन मण्डलाधिकारी, वनमण्डल सरगुजा, जिला सरगुजा(छत्तीसगढ़)
5. मेसर्स राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, विद्युत भवन, जनपथ, ज्योति नगर, जयपुर–302005(राजस्थान)

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

6. गार्ड फाईल रजिस्टर

अवर सचिव 9/1/17

छत्तीसगढ़ शासन

खनिज साधन विभाग

E:\MRD\Surguja\3-24-2013 Rajsthan Vidut Extension.doc(P.Ninja)